

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेतिया में लगा शिविर



**बड़वानी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खेतिया में सोमवार को जिला दृष्टि हीनता नियंत्रण समिति बड़वानी एवं चौइथराम नेत्रालय इन्दौर द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 38 मरीजों का पंजीयन हुआ। 10 मरीजों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए एवं 2 मरीज नाखूना से पीड़ित तथा 2 मरीज नासूर की समस्या से पीड़ित पाए गए। चयनीय मरीजों को रेटिना स्पेशल अस्पताल इन्दौर नि:शुल्क बस से भेजा गया। शिविर में सीबीएमओ डॉ राजेश ढोले के नेतृत्व में शिविर का भी सहयोग रहा।

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का प्रेरणादायी आयोजन



**बड़वानी।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री व महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद जी की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया। विद्यालय परिसर में ज्ञान, प्रेरणा और राष्ट्रभक्ति का वातावरण व्याप्त रहा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी प्राचार्य कुंदन राठौर ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद देश में आधुनिक शिक्षा के निर्माता माने जाते हैं। उन्होंने अनेक आधुनिक शिक्षा संस्थानों की नींव डाली है। अबुल कलाम आजाद जी के जीवन एवं योगदान पर कक्षा नौवीं की छात्रा काव्या गौरे ने अभिभाषण प्रस्तुत किया। शिक्षक विप्लव शर्मा ने जीवन में शिक्षा के सही अर्थ से विद्यार्थियों को रूबरू कराया। स्टॉफ सदस्यों ने देश के प्रथम शिक्षा मंत्री का स्मरण करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि की।

## सुरक्षा और आत्मरक्षा के प्रति किया जागरूक




**बड़वानी।** मुस्कान अभियान के अन्तर्गत एसपी जगदीश डावर, एएसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी दिनेश चौहान तथा डीएसपी महिला सुरक्षा शाखा महेश सुनैया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दिनेश कुशवाह द्वारा नटराज विद्या निकेतन पुनर्वास की बालक-बालिकाओं के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला डेस्क प्रभारी उप निरीक्षक ललिता चौहान ने बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, बाल अधिकार, साइबर सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं सुरक्षा के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की गलत टिप्पणी या अनुचित व्यवहार होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दे। आरक्षक सुशीला निंगवाल ने बालिकाओं को महत्वपूर्ण हैल्पलाइन नंबर बताए। काउंसलर अनीता चोयल ने बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में स्टॉफ छात्राएं उपस्थित थे।

# बुजुर्ग महिला को झांसा देकर उड़ाए आभूषण

### मन्नत की बात बताकर 70 वर्षीय महिला को अज्ञात बदमाशों ने लगाई चपत, बाईक पर जाते हुए शातिर और संदिग्ध बदमाशों का फुटेज आया सामने

**पानसेमल।** थाना क्षेत्र में बुजुर्ग महिला को बदमाशों ने झांसा देकर सोने के आभूषणों पर हाथ साफ किया है। बाईक पर आए दो बदमाशों ने महिला को मन्नत की राशि मंदिर में चढ़ाने के बहाने सोने के अभूषण उठाए हैं। घटना नगर के दुर्गा मंदिर के निकट हुई, जहां वार्ड निवासी 70 वर्षीय मंगला एकनाथ सोनी प्रतिदिन की तरह मंदिर में पुजन के लिए निकली। जिसके बाद उन्हें रास्ते में दो बदमाश मिले और उनसे पूछा कि मंदिर कहां पर हैंञ उन्हें मन्नत के नाम पर मंदिर में अपनी मन्नत की राशि भगवान को चढ़ाना है। उन्होंने राशि निकाली और कहा कि मन्नत के अनुसार राशि में सोने के जेवर टच करना हे और फिर भगवान को चढ़ाना है इस बीच महिला ने राशि को सोने के आभूषणों टच कराए, लेकिन उन्होंने कहा कि ऐसे टच नहीं कराना सोने के आभूषणों को पुड़िया बनाकर रखना है, जिसके बाद महिला ने सोने के आभूषणों को निकालकर रखा और उन्हें मंदिर में रख दिया, लेकिन उन्होंने बहुत ही शातिर तरीके से सोने के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया।



घटना की जानकारी के बाद पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किए जा रहे हैं। वहीं शातिर आरोपियों की तलाश जारी है। आपको बता से मंदिर के निकट ही एफआरवी वाहन खड़ा रहता है, लेकिन शातिर बदमाशों ने बहुत ही चालाकी से इस घटना को अंजाम दिया। पुलिस द्वारा नगर के बस स्टैंड, पेट्रोल पंप सहित आसपास की दुकानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज जांच कर पुछताछ की जा रही हैं।अब शातिर बदमाश ठगी के नए-नए तरीके अपनाने लगे हैं, जिनके झांसे में आकर आमजनों को खामियाजा भुगतना पड़ता है। ऐसे जालसाजों ओर ठगो से बचना चाहिए। सोनी के पुत्र किरण सोनी ने बताया की सोने के आभूषणों की कीमत करीब 1 लाख रुपए से अधिक राशि की है। पुलिस थाने पर घटना की सूचना दी गई, जिसके बाद थाना प्रभारी मंशाराम वगेन ने पुलिस टीम के साथ घटना स्थल व अन्य स्थानों पर पुछताछ की हैं।

**पुलिस ने की पुछताछ**

- थाना प्रभारी ने घटना स्थल व अन्य स्थानों पर पूछताछ की।
- अलग-अलग स्थानों से सीसीटीवी फुटेज कर रहे चेक।

## बच्चों के लिए लगेगा विशेष शिविर

**बड़वानी।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 12 नवम्बर को सुबह 11 बजे जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र महिला वार्ड के पीछे जिला चिकित्सालय में नि:शुल्क कटे होंठ एवं कटे तालू या आयुष्मान अंतर्गत हार्निया, हाइड्रोसील, हाईपोस्पेडियास, टंग टाई आदि बीमारी से ग्रसित बच्चों का ऑपरेशन कराने के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। मरीजों को अस्पताल तक जाने-आने का किराया सहित अस्पताल में रहने, जांच, ऑपरेशन एवं दवाईया पूर्णत: नि:शुल्क रहेगी। शिविर का आयोजन लाहोटी हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर भोपाल के सहयोग से किया जाएगा।

## खरीदी के लिए हैल्पलाईन नं. जारी

**बड़वानी।** खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए कपास फसल की समर्थन मूल्य पर बड़वानी, अंजड़, खेतिया, पानसेमल, सेंधवा मंडी में खरीदी की जा रही है। जिले में 8978 किसानों ने पंजीयन कराया है। अंतिम तिथि 31 दिसम्बर है। किसान कल्याणी व कृषि विकास उप संचालक ने बताया कि सीसीआई द्वारा 3252 किसानों का अनुमोदन किया गया है। जिसमें से 180 किसानों ने स्लॉट बुक कराया है। किसानों को असुविधा न हो, इसके लिए भारतीय कपास निगम लिमिटेड ने हैल्प लाईन नं. जारी किया। किसान हैल्प लाईन नं. 8269023626 पर फोन लगाकर कपास खरीदी की जानकारी ले सकते हैं। जानकारी से संतुष्टों न होने पर केंद्र में भारतीय कपास निगम के कर्मचारियों से संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं।

## हथियार सहित युवक को दबोचा

**इंदौर.** छत्रीपुरा पुलिस ने देर रात गश्त के दौरान एक व्यक्ति को धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. रविवार देर रात सुलभ कॉम्प्लेक्स, गंगवाल बस स्टैंड के पास संदिग्ध अवस्था में एक व्यक्ति दिखाई दिया. पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसकी पैंट की दाहिनी तरफ से एक लोहे का तेजधार फालिया बरामद हुआ. आरोपी की पहचान 40 वर्षीय कमलेश गोपाले निवासी राजस्व ग्राम छत्रीबाग के रूप में हुई है.

**एक नजर में** | स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में शहरवासियों की सहभागिता बढ़ाने

# 12 से 28 नवम्बर तक होगी प्रतियोगिता




**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी, 12 नवम्बर**

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में शहरवासियों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 28 नवम्बर 2025 तक किया जाएगा। जिससे शहर और साफ-सुथरा बने और आमजन इसमें और बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी का निर्वहन करे।

नपा अध्यक्ष अश्विनी निक्कू चौहान एवं सीएमओ सोनाली शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता से जहां कलाकारों को प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। वहीं शहर को साफ-सुथरा बनाने में आमजनों और कलाकारों का सहयोग भी मिलेगा। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी रामकरण डावर ने बताया कि 8 विधाओं में होने वाली इस प्रतियोगिता में किसी भी वर्ग उम्र के प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन नगर पालिका में कर सकते हैं।

प्रतियोगिता का स्वरूप जिंगल मूवी, शॉर्ट वीडियो, वॉल पेंटिंग, ड्राइंग पोस्टर, ड्राइंग, सिंगल यूज प्लास्टिक को कम करना और नुक्कड़ नाटक के रूप में हो सकता है। प्रतियोगिता के विषय स्वच्छ शहर एंटी प्लास्टिक थीम कचरा प्रबंधन 4 बिन सेग्रिगेशन आदि से बड़वानी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 नागरिक भागीदारी सहयोग से सुरक्षा सामाजिक भागीदारी नागरिक जुड़ाव रहेगा। श्रेष्ठ कलाकारों का चयन वरिष्ठ निर्णायकों द्वारा कर परिणाम घोषित किया जाएगा। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया जाएगा। घर से केवल एक ही व्यक्ति प्रविष्ठियां अपलोड कर सकेगा।

**कर सकते हैं सम्पर्क**

प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के इच्छुक अधिक जानकारी के लिए आईईसी हेड सतेंद्र तिवारी से उनके व्हाट्सएप नं. 9098931059 पर संपर्क कर सकते हैं।

# कलेक्टर ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण



**बड़वानी, (नवभारत)। कलेक्टर जयति सिंह ने ग्राम कालाखेत में निर्मल नीर सामुदायिक कूप निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेकर निर्देश दिए।**

इस दौरान संयुक्त कलेक्टर राजा रवि वर्मा, डिप्टी कलेक्टर आकाश यादव, जिला पंचायत सीईओ मोतीलाल काग सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

वहीं कलेक्टर जयति सिंह ने प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के तहत ग्राम बड़वानी खुर्द का भ्रमण किया और यहां नवनिर्मित शासकीय उचित मूल्य दुकान सह गोदाम (पीडीएस भवन) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने भवन की गुणवत्ता और निर्माण कार्यों का बारीकी से अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

# बाइक पर जा रहे परिवार को ट्रक ने मारी टक्कर, बुजुर्ग महिला की मौत

- बेटा व पोती हुई घायल
- तेजाजी नगर क्षेत्र में हुआ हादसा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. तेजाजी नगर क्षेत्र में एक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग महिला की जान चली गई, जबकि उसका बेटा और नाबालिग पोती गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया, पुलिस ने चालक की तलाश शुरू कर दी है.**



तेजाजी नगर थाना प्रभारी देवेंद्र मरकाम ने बताया कि हादसा सोमवार दोपहर मेरोद के पास हुआ, एक ट्रक ने बाइक पर सवार एक ही परिवार के तीन लोगों को जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में 60 वर्षीय कलाबाई पति नारायण भीलवाड़ा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका बेटा 38 वर्षीय नेमीचंद और पोती 12 वर्षीय टीना घायल हुए हैं. तीनों बागरी हाट पिपल्या, देवास से हरसोला रिश्तेदारी में गमी के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे. प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि टक्कर के बाद बाइक फिसल गई और महिला ट्रक के पहिये की चपेट में आ गई, जबकि बेटा और पोती सड़क किनारे गिर गए. हादसे के समय पीछे से दूसरी बाइक पर नेमीचंद का बेटा सचिन अपने रिश्तेदार रवि के साथ आ रहा था. उसने जब आगे भीड़ देखी तो पाया कि सड़क पर उसकी दादी गंभीर हालत में पड़ी हैं. पुलिस ने दोनों घायलों वृद्धा के शव को एम्बुलेंस से एमवाय अस्पताल भिजवाया.

# शहर में शोर मचाने वाले साइलेंसर हुए साइलेंट

- 1500 साइलेंसरों पर चला रोड रोलर
- हूटर और मॉडिफाइड साइलेंसर से शहर को आजाद करने की मुहिम

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. तेज, कर्कश और पटाखा जैसी आवाज निकालने वाले वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. विजयनगर क्षेत्र में पुलिस ने जब्त किए गए 1500 मॉडिफाइड साइलेंसर और 70 हूटरों पर रोड रोलर चलाकर उन्हें नष्टकर दिया. इसके बाद पुलिस ने सख्त चेतावनी दी है, कि शहर में मॉडिफाइड साइलेंसरों वाले वाहनों पर इसी तरह की कार्रवाई आगे भी की जाएगी.**

यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आरके सिंह और डीसीपी यातायात आनंद कलादगी के निर्देशन में की गई है. तीन महीने से चल रही इस मुहिम के तहत शहरभर में तेज आवाज करने वाले वाहनों और हूटर लगाने वालों पर सघन अभियान चलाया जा रहा था. शहर भर में कई वाहन चालक अपने टू-व्हीलर और कारों में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर ऐसी ध्वनि निकालते हैं, जिससे आम नागरिकों में दहशत और असुविधा होती है.



**ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई की शहरवासी कर रहे सराहना**

शहरवासियों ने ट्रैफिक पुलिस की इस कार्रवाई की खुले दिल से सराहना की. एक नागरिक ने कहा, इनकी आवाज ने रातों की नींद उड़ा रखी थी, अब चैन से सो पाएंगे. यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर या हूटर न लगाएं और न ही दुकानदार ऐसी वस्तुओं की बिक्री करें. सभी से सहयोग की अपेक्षा है, ताकि इंदौर की सड़कों पर सुगम, सुरक्षित और शांत यातायात व्यवस्था बनी रहे.

इन साइलेंसरों से उत्पन्न विस्फोटक जैसी आवाज न सिर्फ ध्वनि प्रदूषण बढ़ाती है, बल्कि बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालती है, डीसीपी आनंद कलादगी ने बताया कि केवल वाहन चालकों ही नहीं, बल्कि ऐसे अवैध साइलेंसर बेचने वाले दुकानदारों पर भी कार्रवाई की गई है. उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी, ताकि शहर में शांति और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनी रहे.

# कर्ज के बोझ तले दबे सिलाई मास्टर ने जहर खाकर दी जान

### एक अन्य मामले में महिला ने की खुदकुशी की कोशिश

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** कर्ज के दबाव और लगातार धमकियों से परेशान एक उम्रदराज टेलर ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली. मृतक पर करीब ढाई लाख रुपए का कर्ज था और वसूली करने वालों की धमकियों से वह बीते कई दिनों से तनाव में चल रहा था.

राजनगर में रहने वाले 60 वर्षीय मंशाराम सिलोदरे जो पेशे से टेलर थे. शुक्रवार को वे चार दिन बाद घर लौटे और कुछ देर बाद उल्टियां करने लगे. परिजन उन्हें बड़े अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. उनके बेटे धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया कि पिता पर ढाई लाख रुपए का कर्ज था. कर्जदार बार-बार धमकियां दे रहे थे, जबकि पिता कहते थे कि पैसा मिलते ही चुका देंगे. लगातार तनाव के चलते उन्होंने कुछ दिनों पहले घर छोड़ दिया था. लौटने के बाद उन्होंने जहर खा लिया. परिवार के लोगों ने पुलिस को यह भी बताया कि सिलाई का काम अब पहले जैसा नहीं रहा, जिससे मंशाराम की आमदनी बहुत कम हो गई थी, जिसे लेकर वह तनाव में रहते थे. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.



**उधारी विवाद में महिला ने लगाई फांसी, समय रहते बचाई जान**

दूसरी ओर, छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाली 30 वर्षीय सोनाली धाकड़ ने उधारी के झगड़े में फांसी लगाकर आत्महत्या की कोशिश की. समय रहते परिजनों ने उसे फंदे से उतार लिया, जिससे उसकी जान बच गई. सोनाली ने दो महीने पहले अपनी मां की बुआ से पांच हजार रुपए उधार लिए थे, ताकि बच्चे की फीस भर सके. रुपए लौटाने में देरी होने पर बुआ ने कल उसके घर पहुंचकर विवाद किया. इसी दौरान सोनाली ने खुदकुशी का प्रयास किया. वह पति से अलग रहती है.

## नो एंट्री में घुसे 11 भारी वाहन, वसूला 55 हजार का जुर्माना

**इंदौर.** नो एंट्री क्षेत्र में घुसने वाले भारी वाहनों पर कार्रवाई का सिलसिला अब भी जारी है. 9 नवंबर की सुबह से लेकर 10 नवंबर की सुबह तक कार्रवाई के दौरान ऐसे 11 वाहन चालकों को पकड़ा, जिन्होंने नो एंट्री नियमों का उल्लंघन किया. इन सभी के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 55 हजार का समन शुल्क वसूल किया, जो शासन के खाते में जमा कराया गया है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चालकों को समझाइश दी गई है कि वे प्रशासन द्वारा तय किए गए यातायात नियमों का पालन करें.

# इंदौर-पटना एक्सप्रेस में यात्रियों को नहीं मिले कंबल

- यात्रियों ने की शिकायत टीसी बोला... रेल मंत्री से कर दो शिकायत

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** ठंड के मौसम में यात्रियों को एसी कोच में बिना कंबल यात्रा करना महंगा पड़ गया. इंदौर-पटना एक्सप्रेस गाड़ी नम्बर 19321 में कंबल न मिलने पर जब यात्रियों ने टीसी से शिकायत की तो उसने तंज कसते हुए कह दिया- रेल मंत्री से जाकर शिकायत कर दो. टीसी का जवाब सुनकर नाराज यात्रियों ने वाकई रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेल मंत्रालय को टैग कर सोशल मीडिया पर शिकायत कर दी. शिकायत के बाद रेलवे हरकत में आया और तीन घंटे की मशक्कत के बाद यात्रियों तक कंबल पहुंचाए गए.

घटना परसों दोपहर इंदौर से पटना रवाना हुई ट्रेन की है, जो कल पटना पहुंची. उज्जैन से सवार यात्री सैय्यद मेहराज मेहदी ने रात करीब 10:10 बजे एक्स (ट्विटर) पर लिखा, वाह रेलवे मंत्रालय! ठंड में एसी कोच में कंबल तक नहीं मिल रहा, ऊपर से टीसी कह रहा है, रेल मंत्री से शिकायत कर दो, धन्य है नए भारत का रेलवे. उन्होंने यह पोस्ट रेल मंत्री, रेल मंत्रालय और रेलवे सेवा को टैग की. कुछ ही देर में रेलवे सेवा ने जवाब देते हुए असुविधा के लिए खेद जताया और यात्री से पूरी जानकारी मांगी. इसके बाद मामला रतलाम डीआरएम कार्यालय को भेजा गया. डीआरएम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित कमर्शियल स्टाफ को निर्देश दिए और यात्रियों को तत्काल कंबल उपलब्ध करवाए.

**जांच के आदेश दिए**

रेलवे ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश जारी कर दिए हैं. यात्रियों का कहना है कि इससे पहले भी ट्रेनों में गंदे या पुराने कंबल और चादर देने की शिकायतें कई बार हो चुकी हैं, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ है.